प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 01.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेशभर में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज बालोतरा में नेहरू युवा केंद्र और स्वामी विवेकानंद मंडल की ओर से सिणधरी की करना ग्राम पंचायत में साफ सफाई की गई। आमझर के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय और भोमिया जी मन्दिर पर श्रमदान किया गया। इस अवसर पर मौजूद लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। जैसलमेर के पर्यटन स्थलों पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज पटवों की हवेली पर श्रमदान कर साफ–सफाई की गई। इसमें आम लोगों के साथ पर्यटकों ने भी भागीदारी निभाई। अजमेर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिला कलेक्टर लोकबंधु और अन्य कार्मिकों ने आज सुबह रोडवेज बस स्टैंड और आस–पास के क्षेत्र में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके अलावा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिला कलेक्टर ने पौधारोपण कर प्रकृति को सुरक्षित रखने का आवह्वान किया। वहीं ब्यावर में अभियान के तहत जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने आज बस स्टैंड पर श्रमदान कर स्वच्छता रैली में भाग लिया। अलवर में अभियान के तहत आज जिला न्यायालय परिसर में सभी पीठासीन अधिकारी और कार्मिकों ने श्रमदान किया।

000

प्रदेश में मनाया जा रहा राष्ट्रीय पोषण माह कल सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुए। जयपुर के ललित कला अकादमी में जिला और ब्लॉक स्तरीय पोषण मेला लगाया गया। इस अवसर पर महिला और बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने कहा कि पोषण माह में राजस्थान राष्ट्रीय स्तर पर छठे स्थान पर है। उन्होंने सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षकों और कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पोषण के निर्धारित मापदंडों का पालन करके ही बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास किया जा सकता है। सवाईमाधोपुर में भी ब्लॉक स्तर पर पोषण मेले लगाए गए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण माह की थीम पर रंगालियां बनाईं। इस अवसर पर पौष्टिक व्यंजनों की स्टॉल्स भी लगाई गईं। हनुमानगढ़ में जिला कलेक्टर ने बैठक कर बच्चों और गर्भवती तथा धात्री महिलाओं के पोषण स्तर पर सुधार पर चर्चा की। उन्होंने अभियान की प्रगति की भी जानकारी ली। सलूम्बर में चावंड स्थित चामुंडा माता मंदिर परिसर में मेला आयोजित हुआ। इसमें अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। अजमेर में पोषण माह का समापन समरोह अम्बेडकर भवन में आयोजित हुआ। इस दौरान प्रदर्शनी भी लगाई गई। वहीं पाली में जिला स्तरीय पोषण मेले का आयोजन हुआ।

000

हैदराबाद में हुए चौथे दक्षिण एशिया लैंबकॉन–लैक्टेशन मैनेजमेंट, मिल्क बैंकिंग एवं ब्रेस्टफीडिंग कॉन्फ्रेंस के दौरान हुए समारोह में चित्तौड़गढ़ के मदर मिल्क बैंक को "धात्री मदर्स मिल्क बैंक अवार्ड, 2024" से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चित्तौड़गढ़ के सामान्य चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी पीएमओ और आंचल मदर मिल्क बैंक के प्रभारी डॉ. जयसिंह मीणा को 10 हजार रुपए नकद, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति–पत्र प्रदान किया गया।

000

राज्य के सरकारी अस्पतालों में आज से ओपीडी का समय बदल गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किये हैं। अब अस्पतालों का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। रजिस्ट्रेशन का काम सुबह साढे आठ बजे से शुरू होगा। जेके लोन हॉस्पिटल जयपुर के अधीक्षक डॉक्टर कैलाश मीना ने बताया कि मौसमी बीमारियों को देखते हुए 8 घंटे की अलग से ओपीडी संचालित की जाएगी। उन्होंने बताया कि डेंगू–मलेरिया–चिकनगुनिया जैसी मौसमी बीमारियों के लिए संचालित विशेष ओपीडी सरकारी

अवकाश वाले दिन 4 घंटे संचालित की जाएगी। वहीं आज से सरकारी स्कूलों में समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मानसून की रवानगी के समय पड़ रही तेज गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने यह आदेश जारी किए हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि शिक्षक संगठनों ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन देकर एक अक्टूबर से समय नहीं बदलने की मांग की थी।

000

राज्य सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत जयपुर, जयपुर ग्रामीण और दूदू जिले के 3 हजार 164 वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा की सौगात दी गई है। जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने कल जयपुर में आवेदकों की ऑनलाइन लॉटरी निकाली।

000